आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 12.02.2025
समय 1830

<u>मुख्य समाचार :–</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो ने मार्से में भारत के पहले नए वाणिज्य दूतावास का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।
- राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों का स्वर्णिम सफर जारी, आज उत्तराखंड ने दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों का होना ऐतिहासिक क्षण है।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह की तैयारी को लेकर नैनीताल में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की।

<u>वाणिज्य दूतवास</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आज मार्से में भारत के पहले नए वाणिज्य दूतावास का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने मार्से में भारतीय वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन की झलकियाँ साझा कीं, जिसने भारत–फ्रांस संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ा। प्रधानमंत्री द्वारा 2023 में फ्रांस की अपनी यात्रा के दौरान घोषित यह वाणिज्य दूतावास दक्षिणी फ्रांस में भारतीय समुदाय के लिए सेवाओं को बढ़ाएगा और इस क्षेत्र में भारत की राजनयिक उपस्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

<u>कयाकिंग प्रतियोगिता</u>

राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों का स्वर्णिम सफर जारी है। आज अलग–अलग स्पर्धाओं में उत्तराखंड ने दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। देहरादून में आयोजित महिला वर्ग की 5 हजार मीटर रेस में पौड़ी की अंकिता ध्यानी ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, टिहरी बांध की झील में कयाकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज कयाकिंग के–2 की 500 मीटर महिला वर्ग रेस में उत्तराखंड की पी. सोनिया देवी और पी. रोजी देवी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, मध्य प्रदेश ने रजत और उड़ीसा ने कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने पर पी. सोनिया देवी काफी खुश नजर आई।
उधर, कैनोइंग सी–2 500 मीटर रेस में उत्तराखंड की मीरा दास और रामकन्या देवी की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता। कयाकिंग की के–2 500 मीटर रेस में उत्तराखंड के प्रभात कुमार और हर्षवर्धन सिंह ने रजत पदक अपने नाम किया।

<u>यूसीसी</u>

प्रदेश में समान नागरिक संहिता– यूसीसी के तहत सेवाओं के पंजीकरण के दौरान दी जाने वाली निजी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी। किसी भी तीसरे व्यक्ति तक इन सूचनाओं की पहुंच नहीं हो पाएगी। सार्वजनिक रूप से केवल पंजीकरण की संख्या ही उपलब्ध होगी, लेकिन किसी की व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं की जाएगी। अपर सचिव, गृह, निवेदिता कुकरेती के अनुसार समान नागरिक संहिता में सूचनाओं की गोपनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। यूसीसी की किसी भी सेवा के लिए दी जाने वाली निजी जानकारी का विवरण किसी भी स्तर पर सार्वजनिक नहीं होगा। सार्वजनिक तौर पर यूसीसी के तहत होने वाले पंजीकरण की संख्या मात्र उपलब्ध होगी, जो वेबसाइट पर नजर भी आने लगी है। इसके अलावा जिस व्यक्ति ने यूसीसी के तहत किसी सेवा के लिए आवेदन किया हो, सिर्फ वही व्यक्ति खुद या किसी अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त आवेदन के जरिए खुद के आवेदन से संबंधित जानकारी ही मांग ही सकता है। इसके अलावा और किसी भी व्यक्ति तक सूचनाओं की पहुंच नहीं है। अपर सचिव,

गृह के अनुसार यूसीसी के तहत होने वाले पंजीकरण की जानकारी भी थाना पुलिस तक सिर्फ रिकॉर्ड के लिए भेजी जाएगी। ऐसे किसी पंजीकरण में दिए गए विवरण तक संबंधित थाना प्रभारी की पहुंच भी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की निगरानी में हो सकेगी। अगर किसी भी स्तर पर सूचनाओं का दुरूपयोग होता है, तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने खनन विभाग को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप खनिज संपदा में आत्मनिर्भरता बनाए रखने के लिए राज्य में खनिज संपदा की खोज के सम्बन्ध में कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। वे आज सचिवालय में खनन विभाग, आईआईटी रुड़की, मोनाश यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया और उद्यम प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रही थीं। उन्होंने राज्य में दुर्लभ खनिजों के अनुसंधान के लिए प्रदेश सरकार और आईआईटी रुड़की के बीच भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य सचिव ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों के मूल्यांकन, अन्वेषण, निष्कर्षण, खनन स्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला विश्लेषण में अग्रणी विशेषज्ञों का सहयोग लेना आवश्यक है, जिसमें आईआईटी रुड़की की प्रमुख भूमिका होगी।

मुख्यमंत्री हरिद्वार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार में चल रहे राष्ट्रीय खेलों के तहत हॉकी और कुश्ती प्रतियोगिता का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह भी बढ़ाया। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों का होना ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेल के आयोजन से उत्तराखंड में खेलों के लिए विकसित की गई बुनियादी सुविधाओं से भविष्य में खिलाड़ियों को मदद मिलेगी।

खेल मंत्री

खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज नैनीताल के काठगोदाम सर्किट हाउस में उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह की तैयारी को अंतिम रूप दिया। उन्होंने प्रदेश के सभी मेडल विनर को समापन समारोह में शामिल किए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। खेल मंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। उन्होंने कहा कि समापन समारोह के दौरान राष्ट्रीय खेलों में रिकॉर्ड तोड़ने वाले सभी खिलाड़ियों का भी सम्मान किया जाएगा। खेल मंत्री ने कहा कि समापन समारोह में राष्ट्रीय खेल शुरू होने से अब तक की सभी उपलब्धियां की झलक भी दिखेगी।

वनाग्नि कार्यशाला

चम्पावत जिला मुख्यालय के गोरलचोड़ में वन विभाग की ओर से वन पंचायत सरपंचों, पुलिस और स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों को वनाग्नि नियंत्रण एवं आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर फायर सीजन के दौरान जंगलों को आग से बचाने के लिए अनेक प्रकार की जानकारी दी गई। जिले की सहायक प्रभागीय वनाधिकारी नेहा चौधरी सौन ने बताया कि चम्पावत जिले के 571 वन पंचायतों को वनाग्नि नियंत्रण को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके तहत जिले के चारों विकासखण्डों में चरणबद्ध तरीके से इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा।

माघ पूर्णिमा

माघ पूर्णिमा के अवसर पर आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हरिद्वार के हर–की पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों पर स्नान किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन कर दान–पुण्य किया। मान्यता है कि माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसलिए माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने के लिए दूर–दूर से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। वहीं स्नान को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे।